भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला

नामांतरण अपील वाद सं0-11/2015-16

मंगल राम गोराई एवं अन्य **बनाम** जितेन्द्र गोराई

आदेश

17.07.18

यह अभिलेख 1. मंगल राम गोराई 2. मंगल गोराई 3. गोमा गोराई 4. शम्भू गोराई 5. सागर गोराई सभी का पिता स्व0 पति गोराई, क्रम सं0-1,4 एवं 5 का पता-काशीडीह, गम्हरिया, थाना-आर.आई.टी. एवं क्रमांक 2 एवं 3 का पता सालडीह बस्ती, संजय नगर, माझी टोला, आदित्यपुर जिला-सरायकेला-खरसावाँ के अपील आवेदन पर अंचल अधिकारी, गम्हरिया के नामांतरण वाद सं0-486/2015-16 दिनांक 25.07.15 में पारित आदेश के विरुद्ध खोला गया है।

अपील सुनवाई हेतु स्वीकार किया गया। निम्न न्यायालय से संबंधित अभिलेख का मांग किया गया और उत्तरवादी को सूचना दी गई।

उभय पक्ष के अधिवक्ता एवं उभय पक्ष लंबी अवधि से न्यायलय में उपस्थित नहीं हो रहे है और न ही इस वाद की सुनवाई में कोई अभिरुची है। ऐसी परिस्थिति में लम्बे अवधि तक न्यायालय में वाद को लंबित नहीं रखा जा सकता है।

तद्नुसार वाद की कार्यवाही बंद की जाती है।

17/07/18

भूमि सुधार उप समाहर्ता,
सरायकेला।